नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक : नराकास/पत्रिका/2023/63 दिनांक : 03-09-2024

परिपत्र

विषय : पत्रिका 'महानदी' के 'हर घर तिरंगा' विशेषांक हेतु मौलिक रचनाएँ आमंत्रित।

नगर राजभाषा कार्यन्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों में कार्यरत कार्मिकों को प्रोत्साहन प्रदान करने तथा संस्थानों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 'महानदी' पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। पत्रिका 'महानदी' का आगामी अंक **'हर घर तिरंगा'** विशेषांक के रूप में प्रकाशित किया जाना है। पत्रिका में प्रकाशन हेतु नराकास भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों के कार्मिकों (कर्मचारी व अधिकारी) एवं उनके परिजनों द्वारा स्वरचित व अप्रकाशित मौलिक रचनाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

कृपया रचनाएँ निम्नलिखित बिन्दुओं को पूर्ण करते हुए भेजी जाएँ :

1. रचना केवल ई-मेल bsprajbhasha@gmail.com के माध्यम से स्वीकार्य होंगी।
2. रचनाओं में मौलिकता का विशेष ध्यान रखा जाए एवं दिए गए आँकड़ों का संस्थान के राजभाषा अधिकारी से पुनरीक्षण (वेटिंग) अवश्य करवा लिया जाए।
3. आलेख चयन में संपादक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
4. कार्मिक का पूर्ण विवरण यथा - नाम, पदनाम, विभाग, संस्थान का नाम, मोबाइल नंबर एवं एक रंगीन पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ भी संलग्न करें।
5. रचनाओं की अधिकतम शब्द सीमा 1000 शब्द होगी।
6. रचनाएँ भेजने की अंतिम तिथि 20/09/2024 होगी।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए नगर राजभाषा कार्यन्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के दूरभाष क्रमांक 0788-2861017 / 2860682 / 2850831 पर संपर्क किया जा सकता है।

(सौमिक डे)
महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन, जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा)
भिलाई इस्पात संयंत्र, एवं
सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग

मानक वितरण (ई-मेल द्वारा)

(1) नराकास भिलाई-दुर्ग के माननीय सदस्यगण।
(2) नराकास भिलाई-दुर्ग के राजभाषा अधिकारीगण।